Training Programme
on
"Climate Change and Forests"
For Scientists of ICFRE
31 January- 04 February 2011
Organized by:
Biodiversity and Climate Change Division
Indian Council of Forestry Research and Education, Dehradun
Venue: Scientist Hostel, FRI, Dehradun

शिक्षा संदर्श

प्रस्तावना

राष्ट्रीय कृषि आयोग ने 1976 की अपनी रिपोर्ट में विश्वविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के कार्यक्रमों के लिए वानिकी शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की सिफारिश की थी। प्रारंभ में वानिकी शिक्षा देने वाले विश्वविद्यालयों को भा.कृ.अ.प. द्वारा अवमुक्त अनुदान के जरिए सहायता दी जाती थी। भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् को स्वायत्ता प्रदान किए जाने के पश्चात शिक्षा निदेशालय के उद्देश्य के अनुसार भा.वा.अ.शि.प. को राज्यों और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के जरिए देश में वानिकी शिक्षा को प्रतिष्ठित करने का दायित्व सौंपा गया ताकि तकनीकी क्षमताएं बढ़ाई जा सकें और स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर वानिकी शिक्षा देने वाले विश्वविद्यालयों के वानिकी संकायों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा सके। भा.वा.अ.शि.प. का महत्वपूर्ण अंग होने के कारण शिक्षा निदेशालय, वन अनुसन्धान संस्थान समविश्वविद्यालय को वानिकी की उच्च शिक्षा हेतु एक शानदार संस्थान के रूप में परिपुष्ट करने का कार्य भी करता है। आधारभूत संरचना की कमियों को दूर करने के लिए शिक्षा निदेशालय द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों को सहायता अनुदान के रूप में आर्थिक मदद दी जाती है। शिक्षा निदेशालय भा.वा. अ.शि.प. के अन्य क्रियाकलापों में पाठ्यक्रम में निरंतर सुधार करते हुए वानिकी शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करना और वानिकी में संरक्षण की सुव्यवस्थित पद्धति के जरिए गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु संरचना तैयार करना शामिल है, ताकि वानिकी शिक्षा और भा.वा. अ.शि.प. की अनुसन्धान पद्धति में समन्वय हो सके और आपसी तालमेल परिपुष्ट करने के उपरांत प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के संकायों एवं विद्यार्थियों के साथ विचारों का आदान–प्रदान किया जा सके। इस प्रकार, वानिकी के विभिन्न क्षेत्रों को मुख्य धारा में लाने के लिए नेटवर्क स्थापित किया जा सकेगा, जिससे योग्य और प्रतिभावान लोग, वानिकी व्यवसाय के प्रति आकर्षित होगें, परिषद् तथा वानिकी क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर

क्षमता वृद्धि होगी और मंत्रालय के समक्ष कारगर अनुसन्धान सहायता नीति प्रस्तुत की जा सकेगी।

वानिकी शिक्षा की प्रक्रियाएं

अधिदेश के अनुसार काम करते हुए, निदेशालय द्वारा वानिकी शिक्षा को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत करने और विश्वविद्यालयों में पठन–पाठन के स्रोतों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने हेतु आधारभूत संरचना तैयार की जा रही है जिसमें ई–कंसोर्टियम के जरिए पुस्तकें और जर्नलों का प्रापण करना और सूचना पद्धतियों को सक्षम बनाना शामिल है। इसके अतिरिक्त प्रक्रिया में शामिल हैं:

शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए सुव्यवस्थित आई टी मुहैया कराना।

संरक्षण की उचित पद्धति अपनाई जा रही है। वानिकी शिक्षा देने वाले सभी विश्वविद्यालयों के संरक्षण के तहत लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक विश्वविद्यालय की भविष्य की संवृद्धि को ध्यान में रखते हुए सांस्थानिक प्रबंधन, वित्तीय संसाधन आवंटन और उपयोजन, भौतिकीय आधारभूत संरचना, संकाय और स्टॉफ, विद्यार्थियों के संबंध में प्रोफाईल, कोर्स वितरण, सह–शिक्षोत्तर और संबंधित क्रियाकलापों और अनुसन्धान तथा विकास के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश विकसित किए जा रहे हैं।

क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप पाठ्यक्रम में आवधिक संशोधन और उच्चीकरण किया जा रहा है, जिसमें दायित्वधारियों की व्यापक भागीदारी और दोनों परिषदों (भा.कृ.अ.प. और भा.वा.अ.शि.प.) की व्यापक रूप से सहमति हो।

वानिकी शिक्षा के लिए पूंजी निवेश निधि तैयार करते हुए आधारभूत संरचना की कमियों को दूर करने में सहायता की जा रही है और साथ ही, विहित दिशा निर्देशों के अनुसार राज्यों को इस प्रकार के निवेशों हेतु आकर्षित किया जा रहा है।

वानिकी व्यवसायों के नियोजन में वृद्धि करना और उचित स्थापन सुनिश्चित करना।

क्षेत्र की आवश्यकतानुसार, क्षमता वृद्धि पर रेंज कार्यक्रम विकसित करना।

वानिकी के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सामंजस्य बनाने के लिए संकायों और विद्यार्थियों का आदान–प्रदान करने हेतु नेटवर्क तैयार करना।

भा.वा.अ.शि.प. में नीति अनुसन्धान समिति की मेजबानी करते हुए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की नीति अनुसन्धान की सहायता देना और साथ ही मंत्रालय को संस्थानों की नीति अनुसन्धान अध्ययनों से अवगत कराना।

मुख्य प्रशिक्षण संगठन के रूप में भारतीय वन सेवा फेज–III के सेवा कालीन निष्पादन हेतु अभिकल्प विकसित करना।

वानिकी शिक्षा

देश में वानिकी शिक्षा को प्रख्यापित करने के लिए शिक्षा निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालयों को सहायता अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए भा.वा.अ.शि.प. द्वारा दस विश्वविद्यालयों को 2010–11 के वित्तीय वर्ष में ` 204.088 लाख की राशि अवमुक्त कराई गई। दस विश्वविद्यालयों से उपयोजन प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया और चौदह विश्वविद्यालयों को वर्तमान वित्त वर्ष में उनके पास बची हुई रकम को खर्च करने हेतु वैध स्वीकृति प्रदान की गई।

विश्वविद्यालयों को वानिकी शिक्षा में गुणवत्ता नियंत्रण की नई शुरूआत के रूप में, भा.वा.अ.शि.प. से संरक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। नौ विश्वविद्यालयों के संबंध में सरंचना प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और प्रमाणपत्र जारी कर दिए गए हैं। नौ अन्य विश्वविद्यालयों से संरक्षण प्राप्त करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

एच आर डी की शुरूआत

वैज्ञानिक कर्मियों की क्षमतावृद्धि के लिए कई प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों में एच आर डी की शुरूआत के रूप में ग्यारह प्रशिक्षण कार्यक्रम (एम सी टी के भाग– III के एक प्रशिक्षण सहित) आयोजित किए गए जिनमें एम सी टी के 60 भागीदारों सहित 207 भागीदारों को आठ संस्थानों में प्रशिक्षित किया गया।

वैज्ञानिकों को व्यापक रूप से राष्ट्रीय पहलुओं से अवगत कराने हेतु राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और विचारगोष्ठियों में भाग लेने के लिए, परिषद् स्तर पर 71 स्वीकृतियां प्रदान की गई।

वैज्ञानिक संवर्ग को अतिआवश्यक अंतर्राष्ट्रीय पहलुओं की जानकारी देने हेतु विदेश जाने के लिए 44 मामलों में सुविधा दी गई, जिन्हें अंततः भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया और कई स्रोतों से निधिकरण किया गया।

भा.व.से. अधिकारियों के लिए मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षणः

भा.व.से. अधिकारियों के लिए मध्य सेवाकालीन प शिक्षण परियाज ना भाग–III का काय भा.वा.अ.शि.प. को दिया गया जिसमें भा.वा.अ.शि.प. द्वारा भा. व.सं. देहरादून, भा.व.स., देहरादून, आई आई एम–अहमदाबाद, कोलोराडो राज्य विश्वविद्यालय (यू एस) तथा स्वीडीश कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय स्वीडन जस सस्थाना क साथ सांस्कृतिक प्रबंध एवं भागीदारी मुहैया कराई गई।

भा.वा.अ.शि.प. को मुख्य प्रशिक्षणदायी संस्था के रूप में 31 जनवरी 2011 से 4 मार्च 2011 तक, इस तरह का दूसरा आयोजन कराने का श्रेय प्राप्त हुआ।

नीति संबंधी अनुसन्धान

भा.वा.अ.शि.प. द्वारा 29 सितम्बर 2011 और 25 नवम्बर 2011 को भा.वा.अ.शि.प. में मूल्यांकन समिति की दो तथा वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 30 मार्च 2011 को चौथी नीति अनुसन्धान समिति की बैठकों का आयोजन कराया गया।

भा.वा.अ.शि.प. ने राष्ट्रीय वन अधिकार समिति की बठक की मजबानी की, जिसका गठन एम आ इ एफ तथा एम ओ टी ए द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सत्रह राज्यों में व्यापक परामर्श और विचार–विमर्श करने के उपरांत समिति ने अपनी रिपोर्ट "मंथन" को माननीय पर्यावरण एवं वन मंत्री, भारत सरकार के समक्ष जनवरी 2011 में प्रस्तुत किया (बैठकों के विवरण संलग्न हैं)।

एच आर डी

एच आर डी की शुरूआतों के रूप में भा.वा.अ.शि.प. ने वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों के लिए 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 तक निम्नलिखित विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया:

क्र. सं.	प्रशिक्षण	तिथि	संस्थान	भागीदारों की संख्या
1.	एस सी/एस टी/ओ बी सी का रोस्टर बनान का प्रशिक्षण	30 और 31 अगस्त 2010	एस सी/एस टी आयोग, लखनऊ भा.वा.अ.शि.प., देहरादून म	21
2.	जलवाय परिवर्तन तथा कार्बन न्यूनीकरण (सी सी सी एम)	6 स 10 सितम्बर 2010	ज.ज.प., प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	5
3.	प्रयोगशाला प्रबंधन पर स्टॉफ का प्रशिक्षण आर ए–प्रथम, आर ए–द्वितीय और टी ए–प्रथम	13 स 17 सितम्बर 2010	वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून	25
4.	महिला वैज्ञानिकों तथा प्रौद्योगविज्ञ क लिए जलवाय परिवर्तन तथा कार्बन न्यूनीकरण (सी सी सी एम) पर प्रशिक्षण	6 स 10 सितम्बर 2010	ज.ज.प. प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	7
5.	प्रयोगशाला प्रबंधन पर स्टॉफ का प्रशिक्षण आर ए–प्रथम, आर ए–द्वितीय और टी ए–प्रथम	6 स 10 दिसम्बर 2010	उ.व.अ.स., जबलपुर	25
6.	'काष्ठ गुण अभिलक्षणों' पर प्रशिक्षण	3 स 7 जनवरी 2011	का.वि.प्रौ.स., बंगलौर	5
7.	'नैनोप्रौद्योगिकी' पर प्रशिक्षण	18 स 20 जनवरी 2011	का.वि.प्रौ.स., बंगलौर	7
8.	'जलवाय परिवर्तन और वनों' पर प्रशिक्षण	31 जनवरी स 4 फरवरी 2011	ज.ज.प. प्रभाग, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	20
9.	'सुदूर संवेदन और जी आइ एस अनुप्रयोग' पर प्रशिक्षण	31 जनवरी स 11 फरवरी 2011	भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून	7
10.	भा.वा.अ.शि.प. क वैज्ञानिकों तथा अनुसन्धान अधिकारियों कलिए अधिष्ठापन प्रशिक्षण	21 माच स 27 माच 2011	वन अनुसन्धान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून	–
11.	भा.व.स. अधिकारियों क लिए मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षण	31 जनवरी स 4 फरवरी 2011	शिक्षा निदेशालय, भा.वा.अ.शि.प. द्वारा इ.गा.रा.व.अ., देहरादून म	60
			कुल	**207**

सहायता अनुदान

देश में वानिकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भा.वा.अ.शि.प. द्वारा विभिन्न वानिकी अनुसन्धान विश्वविद्यालयों/संस्थानों को सहायता अनुदान दिया जाता है जो अंडरग्रेजुएट तथा पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करवाते हैं। अप्रैल 2010 से मार्च 2011 के 10 विश्वविद्यालयों को सहायता अनुदान के रूप में ` 204.088 लाख की रकम अवमुक्त की गई है। चौदह विश्वविद्यालयों द्वारा उपयोग न की गई राशि का पुनः प्रमाणन किया गया है और चार विश्वविद्यालयों को अनुदान को एक लेखा शीर्ष से दूसरे लेखा शीर्ष में परिवर्तित करने की स्वीकृति दी गई है।

भा.वा.अ.शि.प. प्रमाणन बोर्ड

शिक्षा निदेशालय ने "एक्रीडिएशन ऑफ कोर्स कार्यक्रम" के अंतर्गत वानिकी प्रशिक्षण चलाने वाले विश्वविद्यालयों के कार्य का मूल्यांकन अपने हाथ में लिया है, जो इस प्रकार गठित है:

क्र. सं.	कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम	टीम	दौरे की तिथि
1.	सी सी एस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा)	1. श्री ओमकार सिंह, उप महानिदेशक (शिक्षा), भा.वा.अ.शि.प. एव अध्यक्ष 2. डॉ. टी.सी. पोखरीयाल, पूर्व वैज्ञानिक–एफ, वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून	8 स 11 फरवरी 2011
2.	उड़ीसा कृषि एव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर (उड़ीसा)	1. श्री ओमकार सिंह, उप महानिदेशक (शिक्षा), भा.वा.अ.शि.प. एव अध्यक्ष 2. डॉ. ज.क. रावत, भा.व.स. (सवानिवृत) पूर्व निदेशक, वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून	19 स 21 मइ 2010
3.	कुमाँऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)	1. श्री आर. क. डोगरा, सहायक महानिदेशक (शिक्षा), सदस्य सचिव, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून 2. डॉ. ए.एन. शुक्ला, पूर्व एच आ डी, वन रोग विज्ञान, वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून,	23 और 24 अप्रैल 2010
4.	केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बागवानी एव वानिकी कॉलेज, पासीघाट (अरूणाचल प्रदेश)	1. श्री आर. क. डोगरा, सहायक महानिदेशक (शिक्षा), सदस्य सचिव, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून 2. श्री आर. पी. एस. कटवाल, पूर्व महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून	27 अक्टूबर 2010 स आग
5.	पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना (पंजाब)	1. श्री ओमकार सिंह, उप महानिदेशक (शिक्षा), भा.वा.अ.शि.प. एव अध्यक्ष 2. डॉ. ज.डी.एस. नेगी, पूर्व वैज्ञानिक–एफ वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून	21 स 24 सितम्बर 2010
6.	वानिकी कॉलेज, डॉ. बी एस एस कोंकण कृषि विद्यापीठ, डापोली (एस एस)	1. श्री आर. क. डोगरा, सहायक महानिदेशक (शिक्षा), सदस्य सचिव भा.वा.अ.शि.प., देहरादून 2. श्री आर. पी. एस. कटवाल, पूर्व महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून,	24 स 26 अगस्त 2010
7.	बागवानी एव कृषि कॉलेज, नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी (गुजरात)	1. श्री ओमकार सिंह, उप महानिदेशक (शिक्षा), भा.वा.अ.शि.प. एव अध्यक्ष 2. डॉ. एस.डी. भारद्वाज, पूर्व डीन, डॉ. वाई.एस.पी., य.एच.एफ. सोलन (एच पी)	9 नवम्बर 2010 स आग

नीति अनुसन्धान अध्ययनः

''सुधारित आजीविका सहायता तथा सतत् वन प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए, अनुसूचित जनजातियों और परंपरागत रूप से वनों में रहने वाले अन्य लोगों के लिए (वन अधिकारों से मान्यता प्राप्त) अधिनियम 2006 के अनुसार कार्यान्वयन हेतु विभिन्न संस्थानों के बीच आपसी तालमेल'' विषय पर प्रारंभिक अध्ययन, डेस्क समीक्षा और कार्य समीक्षा अध्ययनों से प्राप्त परिणामों का पहला प्रस्तुतीकरण। यह प्रस्तुतीकरण, इन्वाइरो लीगल डिफेन्स फर्म, नोएडा द्वारा भा.वा.अ.शि.प. की मूल्यांकन समिति के समक्ष किया गया जिसके अध्यक्ष उप महानिदेशक (शिक्षा) थे। इसका आयोजन 29 सितम्बर 2010 को भा.वा.अ.शि.प. के समिति कक्ष में किया गया।

प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए, अनुसूचित जनजातियों और परंपरागत रूप से वनों में रहने वाले अन्य लोगों के लिए (वन अधिकारों से मान्यता प्राप्त) अधिनियम 2006 के अनुसार कार्यान्वयन हेतु विभिन्न संस्थानों के बीच आपसी तालमेल'' विषय पर प्रारंभिक अध्ययन, डेस्क समीक्षा और कार्यसमीक्षा अध्ययनों से प्राप्त परिणामों का दूसरा प्रस्तुतीकरण। यह प्रस्तुतीकरण, इन्वाइरो लीगल डिफेन्स फर्म, नोएडा द्वारा भा.वा.अ.शि.प. की मल्याक न अध्यक्ष उप महानिदशक (शिक्षा) थ। इसका आयोजन 25 नवम्बर 2010 को भा.वा..अ.शि.प. के समिति कक्ष में किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक (एफ सी), पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में 30 मार्च 2011 को वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में चौथी नीति अनुसन्धान समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

डॉ. एन.सी. सक्सेना, सेवा निवृत्त सचिव, योजना आयोग की अध्यक्षता में 3 मई 2010 को पर्यावरण भवन, नई दिल्ली के सम्मेलन कक्ष न. 403 में राष्ट्रीय एफ आर ए समिति की पहली बैठक का आयोजन किया गया।

वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 7 जून 2010 को दूसरी राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त समिति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं जनजाति संबंधी मामलों के मंत्रालय) की बैठक का आयोजन किया गया।

वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 9 अगस्त 2010 को तीसरी राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त समिति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं जनजाति संबंधी मामलों के मंत्रालय) की बैठक का आयोजन किया गया।

वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 14 सितम्बर 2010 को चौथी राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त समिति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं जनजाति संबंधी मामलों के मंत्रालय) की बैठक का आयोजन किया गया।

वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 13 अक्टूबर 2010 को पांचवीं राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त संबंधी मामलों के मंत्रालय) की बैठक का आयोजन किया गया।

वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 16 नवम्बर 2010 को छठी राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त समिति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं जनजाति संबंधी मामलों के मंत्रालय) की बैठक का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त समिति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं जनजाति संबंधी मामलों के मंत्रालय) की रिपोर्ट का मसौदा तैयार करने हेतु उप वर्ग की बैठक का आयोजन
3 दिसम्बर 2010 को वन विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया।

रिपोर्ट पर विचार–विमर्श करने और उसे अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय एफ आर ए समिति (संयुक्त समिति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय एवं जनजाति संबंधी मामलों के मंत्रालय) की बैठक का आयोजन
12 से 15 दिसम्बर 2010 तक किया गया।

3.1 वन अनुसन्धान संस्थान सम–विश्वविद्यालय

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचना संख्या एफ.9.25/89 यू–3 दिनांक 6 दिसम्बर 1991 के तहत व.अ.सं., देहरादून को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया। सम–विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के पश्चात संस्थान के शैक्षिक क्रियाकलापों में भारी वृद्धि हुई है और अब वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षण, पर्यावरण एवं अन्य संबद्ध विद्या क्षेत्रों को अधिक सफल और कारगर ढंग से सम्पन्न किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा पी एच डी कार्यक्रमों के अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसन्धान पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाई जा रही है।

शैक्षिक कोर्स एवं दाखिला

वन अनुसन्धान संस्थान सम विश्वविद्यालय द्वारा नियमित रूप से निम्नलिखित शैक्षिक कोर्स चलाए जा रहे हैं: वानिकी में दो वर्ष का एम एस सी कोर्स, पर्यावरण प्रबंधन तथा काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा

1. वाडिया इन्सटीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, स्नातकोत्तर डिप्लोमा।

एम एस सी पाठ्यक्रमों में अखिल भारतीय प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला होता है। वर्ष 2010–2011 में शैक्षिक सत्र 2010–2012 के लिए उपरोक्त छः कोर्स में 165 विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया। कोर्स के अनुसार संख्या इस प्रकार है:

1. एम एस सी काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी – 35
2. एम एस सी पर्यावरण प्रबंधन – 35
3. एम एस सी वानिकी – 35
4. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में पी एम डी – 20
5. लुग्दी एवं कागज प्रौद्योगिकी में पी जी डी – 20
6. आरोमा प्रौद्योगिकी में पी एम डी – 20

कोर्स योजनाः सभी कोर्स की कोर्सों योजनाएं, पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार की गई। कक्षाएं लेने के लिए आंतरिक एवं बाह्य संकायों को आमंत्रित किया गया। प्रथम और तृतीय सत्र के विद्यार्थियों के लिए जुलाई से दिसम्बर 2010 तक और द्वितीय तथा चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों के लिए जनवरी 11 से मई 11 तक प्रेक्टीकल कक्षाओं की व्यवस्था की गई।

विशेष व्याख्यानः निम्नलिखित सभी कोर्सों के लिए विशेष व्याख्यानों की व्यवस्था की गई।

डब्ल्यू एस टी कोर्स के विद्यार्थियों के लिए ''डब्ल्यू एस टी चुनौतियां और सुअवसर'' पर डॉ. एस.सी. जाशी, भा.व.स., निदशक, आई.डब्ल्यू. एस.टी., बंगलौर ने 12 मई 2010 को व्याख्यान दिया।

'यू एस ए में वनों क प्रबंधन' पर प्रो. रेनी जेरमेन, 7 जून 2010। इसमें व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय के साथ व.अ.सं. के अनुसन्धान अधिकारियों तथा वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

'स्वच्छ विकास प्रबंधन' पर श्री विजय आनंद ने 19 अगस्त 2010 को व्याख्यान दिया।

'व्यक्तित्व विकास' पर डॉ. के.एल. आर्यन, निदेशक, संचार एवं प्रबंधन ने एम एस सी वानिकी और एम एस सी पर्यावरण प्रबंधन के विद्यार्थियों के समक्ष व्याख्यान दिया।

19 से 22 मार्च 2011 तक इन्डोर तथा 23 से वन नीति, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा व.अ.स. समविश्वविद्यालय क समस्त विद्यार्थिया के समक्ष 22 अक्टूबर 2010 व्याख्यान दिया गया।

''भारत में बाघ संरक्षण कार्यक्रम'' पर डॉ. गार्डोन एम हिक्के द्वारा 13 अक्टूबर 2010 को व्याख्यान दिया गया।

वन्यजीव सप्ताह 2010 के अवसर पर 4 अक्टूबर 2010 को डॉ. एस. चंदोला, भा.व.से., पी सी सी एफ तथा वन्यजीव संरक्षक द्वारा विशेष वार्ता की गई।

''व्यक्तित्व विकास'' पर डॉ. के.एल. आर्यन, निदेशक, आई सी एम ने सभी एम एस सी विद्यार्थियों के समक्ष जनवरी–फरवरी 2011 को व्याख्यान दिए।

''मानव–वन्यजीव टकराव, सरीसृप विज्ञान, पक्षीविज्ञान तथा लिपिडोप्ट्रोन (शलभ), कीटविज्ञान'' पर श्री संजय सोंधी, टीट्ल ट्रस्ट संगठन, देहरादून ने सभी विद्यार्थियों के समक्ष 12 फरवरी 2011 को व्याख्यान दिया।

''प्राथमिक चिकित्सा और औद्योगिक आपदाओं'' पर डॉ. अतुल आलोक, सी एम ओ, न्यू फॉरेस्ट, हॉस्पीटल, व.अ.सं., देहरादून ने एम एस सी, डब्ल्यू एस टी के विद्यार्थियों के समक्ष 1 मार्च से 4 मार्च 2011तक व्याख्यान दिए।

''भारत में आर्किड संरक्षण'' पर डॉ. के.एस. शशीधर, भा.व.से., मुख्य वन्यजीव संरक्षक, नागालैण्ड ने एम एस सी वानिकी के विद्यार्थियों के समक्ष 1 मार्च 2011 को व्याख्यान दिया ।

''व्यावसायिक अध्ययन'' पर डॉ. अर्नेष्ट क्रुस्टान, जर्मनी में व्यावसायिक अध्ययन के प्रभारी अधिकारी द्वारा 11 मार्च 2011 को व्याख्यान दिया गया।

''नियर इन्फ्रारड स्पक्टास्थापी'' पर डॉ. लॉरेन्स आर. स्किमलेक, सह–प्राध्यापक, जार्जिया विश्वविद्यालय द्वारा 8 मार्च 2011 को व्याख्यान दिया गया।

अध्ययन दौरे और शैक्षिक भ्रमण

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 के बीच निम्नलिखित स्थलों में एक दिवसीय अध्ययन दौरों/शैक्षिक भ्रमणों का आयोजन किया गया।

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और आरोमा प्रौद्योगिकी में 18 और 19 अगस्त 2010

2. जलागम कार्य, सहस्त्रधारा, 26 जुलाई 2010।
3. जोधपुर, अहमदाबाद, मैसूर, बंगलौर 22 अगस्त से 10 सितम्बर 2010।
4. फूलों की घाटी 6 से 9 सितम्बर 2010 तथा 29 अगस्त से 3 सितम्बर।
5. पेपर एण्ड प्लाईवुड उद्योग, यमुनानगर, 20 अगस्त 2010।
6. दिल्ली, 29 और 30 सितम्बर 2010।
7. सोंग घाटी (रायपुर–कुमाल्डा) 9 अक्टूबर 2010।
8. धनोल्टी, 14 अक्टूबर 2010।
9. शहंशाही आश्रम, देहरादून 14 अक्टूबर 2010।
10. राजाजी राष्ट्रीय पाक, दहरादन 17 नवम्बर 2010।
11. उत्तरी उत्तर प्रदेश, नवम्बर के तीसरे सप्ताह में
12. टिहरी बांध, नवम्बर 2010।
13. यमुनानगर और सहारनपुर 11 से 13 फरवरी 2011।
14. राजाजी राष्ट्रीय पाक, दहरादन, 11 फरवरी 2011।
15. फरीदाबाद, जयपुर और जोधपुर, 12 से 19 मार्च 2011।
16. ऋषिकेश, 4 मार्च 2011।
17. बड्डी, हिमाचल प्रदेश, 9 से 12 मार्च 2011।

विदेश के दौरे

सुश्री अनीशा बिस्वार्या, विद्यार्थी, एम एस सी, ई एम, चतुर्थ सत्र (2009–11) द्वारा शोध प्रबंधन कार्य हेतु फरवरी से मई 2011 तक कनाडा का दौरा किया गया।

आवधिक प्रलेख

1. एम एस सी विद्यार्थियों ने आवधिक प्रलेख पूर्ण किए जिन्हें जून 2010 में प्रस्तुत किया।
2. पोस्ट मास्टर डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थियों ने दिसम्बर 2010 में आवधिक प्रलेख पूर्ण किए और उन्हें प्रस्तुत किया।

खेलकूद स्पर्द्धा

विश्वविद्यालय द्वारा 17 से 27 मार्च तक खेलकूद स्पर्द्धा का आयोजन किया गया।

''वना की परिभाषा'' पर डां. क.एस. सठी, डी आइ जी, 27 मार्च 2011 तक आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के क्रिकेट ग्राउन्ड में 17 से 21 मार्च 2011 तक क्रिकेट मैचों का आयोजन किया गया।

खेलकूद स्पर्द्धाओं का समापन समारोह 27 मार्च 2011 को आयोजित किया गया।

सेमीनार

एम एस सी पर्यावरण प्रबंधन के विद्यार्थियों ने ''भू–दृश्य पुनर्स्थापन प्रक्रिया–चुनौतियां और सुअवसर'' विषय पर व.अ.स., देहरादून में राष्ट्रीय सेमीनार में 22 और 23 फरवरी 2011 को भाग लिया।

एम एस सी डब्ल्यू एस टी के विद्यार्थियों ने ''काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसन्धान की प्रगतिः वर्तमान प्रवृत्तियां, भविष्य की चुनौतियां और सुअवसर'' विषय पर व.अ.स., देहरादून में राष्ट्रीय सेमीनार में 9 और 10 मार्च 2011 भाग लिया।

औद्योगिक संलग्नता/सांस्थानिक संलग्नता/कारखानों का दौरा

एम एस सी डब्ल्यू एस टी तृतीय सत्र के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक संलग्नता की व्यवस्था दिसम्बर 2010 में की गई।

एम एस सी वानिकी और एम एस सी पर्यावरण प्रबंधन, तृतीय सत्र के विद्यार्थियों के लिए सांस्थानिक संलग्नता की व्यवस्था दिसम्बर 2010 में की गई।

पी जी डी (लुग्दी तथा कागज प्रौद्योगिकी) के लिए पेपर मिल का दौरा दिसम्बर 2010 में आयोजित किया गया।

अरोमा प्रौद्योगिकी कोर्स, पोस्ट मास्टर डिप्लोमा, द्वितीय सत्र के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण तथा परियोजना कार्य का आयोजन जनवरी से जून 2011 के बीच किया गया।

शोध प्रबंध/परियोजना कार्य

एम एस सी, पी एम डी तथा पी जी डी कोर्स के अंतिम सत्र के सभी विद्यार्थियों के लिए

परियोजना कार्य आयोजित किया गया।

सभी कोर्स के लिए परियोजना कार्य सेमीनार का आयोजन जून 2010 में किया गया।

अधिष्ठापन प्रशिक्षण

वन अनुसन्धान संस्थान सम विश्वविद्यालय द्वारा भा.वा.अ.शि.प. के अनुसन्धान अधिकारियों और वैज्ञानिकों के लिए 21 मार्च से 27 मई 2011 तक दस सप्ताह का अधिष्ठापन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वानिकी, आनुवंशिकी, सुदूर संवेदन, वन नीति तथा कानून, वन सर्वेक्षण, वन्यजीव, जैवविविधता और मृदा विज्ञान से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए गए। विभिन्न संस्थानों, जैसे भारतीय वन सर्वेक्षण, भारतीय वन्यजीव संस्थान, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, सी ए एस एफ ओ एस तथा केंद्रीय मृदा
एवं जल संरक्षण प्रशिक्षण और अनुसन्धान संस्थान से विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए।

दौरे

अधिष्ठापन प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को व.अ.स. के विभिन्न प्रभागों का दौरा कराया गया यथा : काष्ठीय वन उत्पाद प्रभाग, आनुवंशिक तथा वृक्ष संचरण प्रभाग, वनस्पति प्रभाग, वन कीट विज्ञान प्रभाग, वन मृदा एवं भूमि पुनर्स्थापन प्रभाग, आर एस एम प्रभाग, वन संवर्धन प्रभाग, रासायनिक पभाग, वन राग विज्ञान पभाग, वन पारिस्थितिकी एवपर्यावरण प्रभाग, जैव सूचना केंद्र एवं जी आई एस प्रकोष्ठ तथा सेल्यूलोज तथा पेपर प्रभाग, आदि।

आई एफ जी टी बी, कोयम्बटूर, आई डब्ल्यू एस टी, आइ पी आइ आर आइ टी आइ तथा आइ आइ एस सी, बंगलौर का दौरा करने के लिए लम्बा शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया।

अधिष्ठापन प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों ने फील्ड रिसर्च स्टेशन (भा.कृ.अ.प.) का दौरा किया जिसमें डॉ. मधु, एग्रोनॉमिस्ट आई सी ए आर तथा प्रशिक्षणार्थियों के साथ थे।

अन्य क्रियाकलाप

डीन (अकादमिक) द्वारा कोर्स सत्र संयोजकों के साथ व.अ.सं. विश्वविद्यालय के नव प्रविष्ट विद्यार्थियों के लिए जुलाई 2010 तथा अरोमा प्रौद्योगिकी एवं लुग्दी कागज प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों के लिए अगस्त 2010 में परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नवआगंतुकों का स्वागत किया गया और साथ ही उन्हें विश्वविद्यालय और हॉस्टल के नियम विनियमों से अवगत कराया गया।

शिक्षणोत्तर क्रियाकलाप

व.अ.स. सम–विश्वविद्यालय द्वारा 2 स 8 अक्टूबर 2010 तक वन्यजीव सप्ताह मनाया गया।

विश्वविद्यालय के ''वन्यजीव क्लब'' के विद्यार्थियों ने घायल जानवरों के उपचार हेतु सहस्त्रधारा, देहरादून में स्वैच्छिक शिविर में भाग लिया।

व.अ.सं. सम–विश्वविद्यालय द्वारा 21 मार्च 2011 को ''विश्व वानिकी दिवस'' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए क्विज और पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

पी एच डी तथा अनुसन्धान स्कालर्स के लिए अनिवार्य कोर्स

पी एच डी तथा अनुसन्धान स्कालर्स के लिए वानिकी, सांख्यिकी तथा कम्प्यूटर अनुप्रयोग पर 15 सितम्बर से 31 दिसम्बर 2010 तक अनिवार्य कोर्स का आयोजन किया गया।

स्थापन

सभी एम एस सी तथा डिप्लोमा कोर्स के लिए स्थापन ब्रोशर तैयार किए गए।

विद्यार्थियों के प्रोफाईल के साथ स्थापना ब्रोशर को विभिन्न संगठनों/उद्योगों/कम्पनियों/एन जी ओ के पास भेजा गया और फोन/फैक्स/ई–मेल के जरिए उनसे सम्पर्क किया गया तथा कैम्पस में साक्षात्कार किया गया।

विभिन्न संगठनों/उद्योगों/कम्पनियों/एन जी ओ के साथ कैम्पस साक्षात्कार किया गया जिन्हें अकादमिक वर्ष 2010–2011 में पूर्ण किया गया।

स्थापना 2011 मार्च 2010 के बीच शोध प्रबंध तथा श्री एम. सी. पाण्डे (से.नि. उ.व.सं.) उत्तर प्रदेश भी

क्र. सं.	संस्थान	चयनित विद्यार्थी	कोर्स
1.	मैसस सुदीमा इंटरनेशनल, सिंगापुर	ए. रघुपति अमेय काल अमोल रंगारारी मुकेश रावत	एम एस सी डब्ल्य एस टी
2.	मैसस सी एच इ पी इंटरनेशनल, मुम्बइ	विनोथ वी.	एम एस सी डब्ल्य एस टी
3.	मैसस सेन्चुरी प्लाईवुड, कोलकत्ता	अरनव चटोपाध्याय अरूण कुमार विद्या सागर सुरभि सरवन	एम एस सी डब्ल्य एस टी
4.	मैसस शारदा प्लाईवुड, कोलकत्ता	काजी शहाबुद्दीन प्रेम कुमार एक नाम की प्रतीक्षा ह	एम एस सी डब्ल्य एस टी
5.	मैसस सी एल गुप्ता, मुरादाबाद	बिजेंद नारायण त्यागी	एम एस सी डब्ल्य एस टी
6.	मैसस अगवाल टिम्बर्स, गांधी धाम	नितीश नंदना कुमार	एम एस सी डब्ल्य एस टी
7.	मैसस पहाड़पुर लिमिटेड, कोलकत्ता	परिणाम की प्रतीक्षा ह	—
8.	ए सी एफ, सिक्किम	आरती बस्नेत	एम एस सी वानिकी
9.	मैसस ए बी सी पेपर मिल लिमिटेड, होशियारपुर	परिणाम की प्रतीक्षा ह	एम एस सी डब्ल्य एस टी
10.	डिप्टी. कमांडेंट सी आर पी एफ	अनीशा सिद्धिक	एम एस सी वानिकी

अधिष्ठापन प्रशिक्षण होशियारपुर के अन्तर्गत अधिकारियों और वैज्ञानिकों का कार्यक्षेत्रीय भ्रमण

अधिष्ठापन प्रशिक्षण के अन्तर्गत माडर्न नर्सरी यूनिट में अधिकारियों और वैज्ञानिकों का दौरा

शिमला में प्रदर्शन के लिए व.अ.सं. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकारियों और वैज्ञानिकों के लिए आयोजित कार्यक्षेत्रीय दौरा

व.अ.सं. के विद्यार्थियों का फूलों की घाटी का दौरा

3.2 आयोजित प्रशिक्षण

वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून

व.अ.सं. विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 4 अक्टूबर से 9 दिसम्बर 2010 तक द्वितीय सुदूर संवेदन पर डिस्टेन्स लर्निंग कार्यक्रम, भौगोलिक सूचना पद्धति तथा ग्लोबल पोजीशनिंग पद्धति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सत्ताईस विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें चार माड्यल्स थे यथाः सुदूर संवेदन तथा डिजीटल इमेज प्रोसेसिंग, ग्लोबल पोजीशनिंग पद्धति, भौगोलिक सूचना पद्धति तथा आर एस और जी आई एस अनुप्रयोग।

संस्थान के वैज्ञानिकों और अधिकारियों के लिए सुदूर संवेदन और जी आई एस प्रशिक्षण।

संस्थान के कर्मचारियों के लिए कम्प्यूटर अनुप्रयोग।

प्रादेशिक सेना के इकोटास्क फोर्स कर्मियों के लिए 20 से 23 अप्रैल 2010 तक वनीकरण तकनीकों का प्रशिक्षण

वृक्ष बीज प्रौद्योगिकी पर 17 से 21 मई 2010 तक प्रशिक्षण।

राजस्थान म आइ जी डब्ल्य डी पी– एन ए बी ए आर डी कर्मियों के लिए 6 से 10 सितम्बर 2010 तक बीज और पौधशाला प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण ।

एस एस बी कर्मियों के लिए 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2010 तक पौधशाला और रोपण प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण।

प्रादेशिक सेना के इकोटास्क फोर्स कर्मियों के लिए 26 से 29 अक्टूबर 2010 तक वनीकरण तकनीकों का प्रशिक्षण

''वन अग्नि प्रबंधन'' पर आयोजित प्रशिक्षण जिसे 6 दिसम्बर से 10 दिसम्बर 2010 तक विभिन्न राज्यों के अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया।

शीशम की मर्त्यता पर नेटवर्क विकसित करने के लिए 21 सितम्बर 2011 को एक दिवसीय अंतः सक्रिय बैठक, जिसमें एच ए यू, हिसार, डॉ. वाई एस परमार विश्वविद्यालय, बागवानी, नौनी, सोलन, जी बी पंत विश्वविद्यालय, पंतनगर, भा.वा.अ.शि.प. संस्थान (जोधपुर, जोरहाट, जबलपुर, और रांची, इलाहाबाद), हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के वन विभाग के अधिकारियों और व. अ.सं. के संबद्ध प्रभागों के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

स्थानीय मशरूम उपजाने वाले किसानों (21 न.) के लिए 11 मार्च 2011 को *गैनोडर्मा लूसीडम* की खेती पर एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम।

हरियाणा वन विभाग के अधिकारियों के लिए 3 से 7 मई 2010 तक ''बांस संसाधन एवं विस्तार'' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण।

वन अनुसन्धान संस्थान में पंजाब वन विभाग के लिए 10 से 14 मई 2010 तक 'बांस संसाधन एवं विस्तार' पांच दिवसीय प्रशिक्षण।

एन डी एम सी, नई दिल्ली के लिए निम्न लागत की क्लोनल विस्तार प्रौद्योगिकी पर अल्पावधि प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

10 से 14 मई 2010 तक ''वनस्पति संग्रहालय तथा वृक्ष प्रबंधन'' पर अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम।

16 से 20 अगस्त 2010 तक ''हरित पट्टिका विकास'' पर अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम।

27 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2010 तक ''पादप वर्गीकरण क्षमता वृद्धि'' पर डी एस टी द्वारा निधिकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम।

''महत्वपूर्ण वन वृक्षों, बांस तथा औषधीय पादपों की ऊतक संवृद्धि'' पर 13 से 17 दिसम्बर 2010 तक आयोजित प्रशिक्षण।

लैन्टाना कमारा से हाथ से कागज बनाने पर 7 से 11 जून 2010 तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया।

सात से 11 दिसम्बर 2010 तक ''औषधीय पादपों की उपयोगिता वृद्धि, खेती और विपणन'' पर एन डब्ल्यू एफ पर प्रभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण।

एन डब्ल्यू एफ पी प्रभाग द्वारा किसानों के लिए *थाइमस सर्फाइलम* की खेती, उपयोगिता वृद्धि तथा उपयोजन पर 22 मार्च 2010 को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

थाइमस सर्फाइलम की खेती पर प्रशिक्षण

''सुरभित तेल, परफ्यूमरी तथा अरोमाथ्रेपी'' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसे केमिस्ट्री प्रभाग, व.अ.सं. द्वारा एफ एफ डी सी, कन्नौज के सहयोग से संयुक्त रूप से 31 मई से 4 जून 2010 तक व.अ.सं. में आयोजित किया गया।

हाथ से कागज बनाने और उसे विभिन्न उत्पादों में बदलने हेतु एन जी ओ के लिए त्वरित प्रशिक्षण।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय जैवविविधता, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य जैवविविधता बोर्ड की बैठक के दौरान माननीय यूनियन मिनिस्टर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष प्राकृतिक रंगसाजी और कम्पोस्ट की प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन 6 सितम्बर 2010 को चन्डीगढ़ में किया गया।

ई टी वी के समक्ष प्राकृतिक रंगसाजी और जड़ीय गुलाल प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन, जिसे 22 सितम्बर 2010 को प्रसारित किया गया।

''समृद्धि के अनुप्रयोग और लाभ – रेशम उत्पादकता वृद्धि'' पर प्रशिक्षण तथा कार्यशाला का रेशम कीट किसानों के लिए भडवाला तथा भड गाव, विकासनगर में 27 मार्च 2007 को आयोजन किया गया।

प्रभाग द्वारा 25 से 29 अक्टूबर 2010 तक ''काष्ठ सिझाई'' पर पांच दिवसीय अल्प अवधि का प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया जिसमें नेवल डकयार्ड, मुम्बई और नेवल शिप रिपेयरिंग केंद्र, कोच्चि से 12 भागीदारों ने भाग लिया। वन उत्पाद प्रभाग के संकायों द्वारा सिझाई के अलावा संबंधित विषयों से प्रशिक्षणार्थियों को काष्ठ परिरक्ष्य मकेनिक्स, फिनिशिंग तथा कम्पोसिट्स से परिचित कराया गया।

प्रकाष्ठ मकेनिक्स विद्याक्षेत्र, वन उत्पाद प्रभाग, व.अ.सं. द्वारा 6 से 10 दिसम्बर 2010 तक ''प्रकाष्ठ वर्गीकरण तथा श्रेणीकरण'' पर पांच दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण कोर्स का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के नेवल डकयार्ड, मुम्बई, नेवल शिप रिपेयर यार्ड, नेवल बेस, कोच्चि, हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम लिमिटेड, शिमला, गार्डन रीच

शिपबिल्डस और इंजीनियर्स लिमिटेड, कोलकत्ता से 23 कर्मियों ने भाग लिया।

''परती भूमियों के पारिपुनर्स्थापन'' पर प्रशिक्षण।

जैव उपचार तथा पर्यावरणीय सुधार पर प्रशिक्षण।

''बायोड्रेनेज'' द्वारा जल–पल्वित स्थलों के पुनराप चार पर किसाना क साथ चयनित जलप्लावित स्थलों के संबंध में तकनीकी बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन (16 मार्च 2011) किया गया।

वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

''पी सी आर आधारित जीन–पृथक्करण तकनीकों'' पर 29 और 30 जुलाई 2010 को प्रशिक्षण।

5 से 9 जुलाई तक ''वन आनुवंशीय संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण'' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला। इस प्रशिक्षण कार्यशाला को भा.वा.अ.शि.प., वन अनसन्धान संस्थान, मलेशिया (एफ आर आई एम), ए पी ए एफ आर आई, व.अ.सं., जैवविविधता अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रकाष्ठ व्यापार सगठन द्वारा पायाजित किया गया। इस कार्यशाला में सात देशों के 21 अनुसन्धानकर्ताओं/अधिकारियों ने भाग लिया। भागीदारों का विवरण इस प्रकार हैः भारत–6, कम्बाडिया–3, इडानशिया–3, मलशिया–3, म्यांमार–2, फिलीपीन्स–1, थाईलैण्ड–3।

औस एड (AusAID)–निधिकृत परियोजना के तहत 12 और 13 अगस्त 2010 को आई एफ जी टी बी में वन विभाग, काष्ठ आधारित उद्योगों और किसानों के लिए आनुवशीय रूप स सधारित बीजा आर बालवक्षा पर दा दिवसीय पि शक्षण कायशाला। सी एस आइ आर आ,आस्ट्रेलिया से मि. के. पिनोपुसारेक ने इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

तमिलनाडु वन विभाग के कर्मियों के लिए ''कृन्तक वानिकी'' पर 21 दिसम्बर 2010 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम। इस प्रशिक्षण में करीब 37 कर्मियों ने भाग लिया।

''जैवविविधता का महत्व, उसका संरक्षण और सतत् उपयोग'' पर तमिलनाडु में सरकारी स्कूलों और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों में किया गया, जिसके लिए पर्यावरण, निदेशालय, चेन्नई द्वारा उपलब्ध कराई गई रकम का उपयोग किया गयाः

4 और 5 अगस्त 2010 – 36 भागीदार
11 और 12 अगस्त 2010 – 40 भागीदार
18 और 19 अगस्त 2010 – 33 भागीदार
25 और 26 अगस्त 2010 – 29 भागीदार

पंचायत यूनियन एलीमेन्टरी स्कूल, कान्डीयूर के विद्यार्थियों के लिए 30 मार्च 2011 को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारतीय वन सवा अधिकारिया क लिए ''वन ससाधन पबध ान'' पर 18 आर 19 अक्टब र 2010 का दा दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसे पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किया गया।

व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बटूर के वैज्ञानिकों के लिए 11 और 12 जनवरी 2011 तक ''परिचयात्मक आर्क जी आई एस प्रशिक्षण कार्यक्रम'' का आयोजन।

जंतु विज्ञान विभाग, सरकारी आर्ट कॉलेज, कोयम्बटूर के संकायों तथा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ओरिएन्टेशन कार्यक्रम 6 अगस्त 2010 को आयोजित किया गया।

यांत्रिक पद्धतियों और रासायनिक विश्लेषण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

सत्ताइस और 28 सितम्बर 2010 का व.आ.वृ.प.स. में 'यांत्रिक पद्धतियां और रासायनिक विश्लेषण' पर त्वरित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम। इसमें विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालय के 21 अनुसन्धान विद्यार्थियों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

प्रशिक्षण के अंग के रूप में डॉ. अन्नादुरैई, सी ई ओ, प्रेसीएन्ट जैवविज्ञान, बंगलौर ने ''जैवविज्ञानों में नवीन सुअवसर'' पर विशेष व्याख्यान दिया, जिसमें जे आर एफ, आई एफ जी टी बी के वैज्ञानिक, प्रशिक्षण भागीदार के रूप में उपस्थित थे।

''इक्टोमाइकोरिजल फंजी– पृथक्करण, पहचान, शुद्ध संवृद्धि तथा वृहत उत्पादन एवं उत्तक व्यवहार का पौधशाला और कार्य क्षेत्र में अनुप्रयोग पद्धतियां'', पर आई एफ जी टी बी, कोयम्बटूर में व.अ.सं. की युवा महिला वैज्ञानिकों ने 14 से 26 मार्च 2011 तक भाग लिया।

काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बंगलौर

''फाइटोकैमिकल विश्लेषण के लिए यांत्रिक तकनीकें'' विषय पर 14 से 16 दिसम्बर 2010 तक संस्थान में अल्पावधि प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बंगलौर विश्वविद्यालय तथा क्यूवेम्पू विश्वविद्यालय से संबंद्ध विभिन्न कॉलेजों से सात भागीदारों ने प्रशिक्षण लिया।

''काष्ठ गुण अभिलक्षण'' पर भा.वा.अ.शि.प. के पांच वैज्ञानिकों के लिए 3 से 7 जनवरी 2011 तक विशिष्टीकृत प्रशिक्षण।

''काष्ठ पारिष्करण'' पर 27 और 28 जनवरी 2011 तक विशिष्ट प्रशिक्षण दिया गया। इसमें हाई बिल्ड कोटिंग प्राईवेट लिमिटेड (7 न.) के भागीदार शामिल हुए।

''चंदन बीज एवं नर्सरी तकनीकें'' पर संस्थान में 21 से 25 फरवरी 2011 तक अल्पावधि प्रशिक्षण चलाया गया जिसमें 30 भागीदार शामिल थे।

का.वि.प्रौ.स., बंगलौर में व.अ.सं. विश्वविद्यालय के तहत काम करने वाले पी एच डी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण, जिसका संचालन कोर्स संयोजक ने किया।

रसायन और चंदन उपयोजन पर 22 नवम्बर 2010 से 21 फरवरी 2011 तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों और वृक्ष उत्पादकों को प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. आर सुंदरराज ने 22 फरवरी 2011 को आधुनिक विद्यार्थियों के समक्ष ''चंदन पौधशाला में नाशीकीटों का प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

व.अ.सं. विश्वविद्यालय के अनुसन्धान छात्रों के लिए 15 सितम्बर से 24 दिसम्बर 2010 तक अनिवार्य प्रशिक्षण कोर्स चलाया गया।

वैज्ञानिकों के लिए ''आई एफ आर आई एस (अनुसन्धान सूचना पद्धति माड्यूल)'' कार्यान्वयन पर 22 अप्रैल 2010 तथा 13 जुलाई 2010 को का.वि.प्रौ.सं., न्यू कम्प्यूटर लैब, बंगलौर में एक दिवसीय कार्यक्रम चलाए गए।

वैज्ञानिक के लिए ''आई एफ आर आई एस (अनुसन्धान सूचना पद्धति माड्यूल) नई परियोजना शुरूआत'' पर 8 दिसम्बर 2010 तथा फरवरी 2011 में, भा.वि.प्रौ.सं., न्यू कम्प्यूटर लैब, बंगलौर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए।

व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय के अनुसन्धान छात्रों के लिए छः माह का अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम।

''बाक्साइट खनन् के पर्यावरण पर समाघात, प्रबंधन उपाय तथा जनजातीय क्षेत्रों में बाक्साइट संदोहन के सामाजिक–आर्थिक और पारितंत्रीय पहलू'' पर आंध्र प्रदेश खनन् विकास निगम के जनजातीय प्रशिक्षाणार्थियों (अराकू घाटी) के लिए 1 अक्टूबर 2010 को दो प्रशिक्षण कार्यक्रम।

उष्णकटिबंधीय वन अनुसन्धान संस्थान, जबलपुर

सी जी आर वी वी एन लिमिटेड के प्रशिक्षणार्थियों के लिए 17 और 18 मई 2010 को भैसाझार नर्सरी बिलासपुर में कृमि कम्पास्ट / जैव उर्वरक पर पशिक्षण।

परिवर्तन' पर प्रशिक्षण'' का आयोजन किया गया।

उड़ीसा वानिकी क्षेत्र विकास परियोजना कर्मियों के लिए राउरकेला तथा तलचर, उड़ीसा में क्रमशः 16 से 18 और 20 से 22 सितम्बर 2010 तक 'अहानिकर फसल, औषधीय तथा सुरभित पादपों सहित पक्रमण आर मल्य सयाजन का आयाजन किया गया। (एन टी पी एफ पी)।

मुझौली के किसानों के लिए एन ए बी ए आर डी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत संस्थान में 21 दिसम्बर 2010 को ''बांस आधारित सिल्वी कृषि पद्धति तथा औषधीय पादप'' आधारित सिल्वी–औषधीय पद्धति पर प्रशिक्षण दिया गया।

कृषि वानिकी अनसन्धान पयाग पर जिला बालाघाट, एम पी के फोरेस्ट गार्ड प्रशिक्षणार्थियों के लिए 2 फरवरी 2011 को मंत्रालय में प्रशिक्षण दिया गया।

संस्थान में 22 से 24 मार्च 2011 तक एन टी पी सी कर्मियों के लिए ''पर्यावरण एवं वनीकरण'' पर प्रशिक्षण दिया गया।

''जट्रोफा और कारांजा'' के संयुक्त विकास पर क्रमशः प्रशिक्षकों और किसानों के लिए ग्वालियर और गुना, एम पी में प्रशिक्षण।

गोंदों के सतत संदोहन और सलाई, धावड़ा तथा अन्य गोंदों के ओलियोरेजिन पर 27 से 30 मार्च 2011 को शिओपुर–काला (म.प्र.) में प्रशिक्षण दिया गया।

पर्यावरणीय समस्याओं और हरित उपचार तथा औषधीय पादपों की खेती और प्रक्रमण पर 5 जून 2010 को छिंदवाड़ा केंद्र में प्रशिक्षण दिया गया।

मृदा संरक्षण और जलागम प्रबंधन पर केंद्र में 26 जुलाई 2010 को प्रशिक्षण दिया गया।

प्राकृतिक और पटालकोट, छिंदवाड़ा के भारिया जनजातियों को मार्गदर्शन पर 26 जुलाई से 4 अगस्त 2010 तक केंद्र में प्रशिक्षण दिया गया।

केंद्र द्वारा 20 और 21 जनवरी 2011 को औषधीय पादपों के संदर्भ में कृषि वानिकी पर प्रशिक्षण दिया गया।

''जैव उर्वरकों और जैव कीटनाशकों'' पर केंद्र में 24 फरवरी 2011 को प्रशिक्षण दिया गया।

